अमर उजाला

# बरनाला में अवैध रूप से सैनिटाइजर बेचते एक धरा

पंचकुला ब्यूरो Updated Tue, 07 Apr 2020 09:45 PM IST



सेखा रोड पर सैनिटाइजर तैयार कर बडे स्तर पर की जा रही कालाबाजारी का सेहत विभाग ने पर्दाफाश किया है। मौके से 120 डिब्बे नकली सैनिटाइजर के पकड़े गए हैं। उन्हें सेहत विभाग ने सील बंदकर कब्जे में ले लिया है। घटना 02 अप्रैल की है। पांच दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। सैंपल रिपोर्ट का इंतजार है कहकर सेहत विभाग के अधिकारियों की तरफ से मामले को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है।

सेहत विभाग के इंस्पेक्टर एकांत सिंगला ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि स्थानीय सेखा रोड स्थित एक फर्म स्प्रिट से नकली सैनिटाइजर तैयार कर रही है। छापा मारने पर 120 डिब्बे नकली सैनिटाइजर मिला। उन्होंने बताया कि इस फैक्टरी के पास सैनिटाइजर तैयार करने का कोई लाइसेंस नहीं है। उन्होंने बताया कि इस सैनिटाइजर के सैंपल लेकर लैब भेजे गए हैं। नतीजा रिपोर्ट आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी और एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। एक्साइज विभाग के एईटीसी जसकरन सिंह बराड़ का कहना है कि उनको सेहत विभाग ने स्प्रिट के दुरुपयोग की कोई सूचना नहीं दी। सेहत विभाग उनको सूचना देगा तो वह सख्त कार्रवाई करेंगे। वहीं व्यापार महासंघ के पंजाब प्रधान ललित गर्ग का कहना है कि एक्साइज विभाग को खुद ध्यान रखना होता है कि कोई स्प्रिट का दुरुपयोग तो नहीं कर रहा है। डीसी तेज प्रताप सिंह फूलका व डीईटीसी उपकार सिंह ने भरोसा दिलाया की इस मामले का हर पहलू चेक कर सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी।

Source: https://www.amarujala.com/punjab/ludhiana/one-arrest-in-bernala-on-selling-fake-sanitizer-bernala-news-pkl3717678136